/font>

Title :Need to construct high dams on rivers causing floods and erosion in Khagaria, Bihar. − Laid.

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया): अध्यक्ष महोदय, जैसाकि आप जानते हैं कि मेरा संसदीय क्षेत्र खगड़िया, (बिहार) बाढ़ एवं कटाव से ग्रसित है। प्रतिवर्ा गंगा नदी नवगछिया अनुमंडल के विभिन्न गांवों खैरपुर, अठगांवा, नवादा, राघोपुर, अलालपुर, पुलकिया, कमलाकुंड, बिंदटोली, रामनगर केलावाड़ी, कटारी तिनटंगा, बाबू टोला, बुद्धूचक तथा कोशी नदी कालूचक, चौरहर, बिसपुरिया, ढोरिया, श्रीपुर, पुनामा, मिल्की, सकुचा आदि गांवों को काटती है। गंगा प्रसाद बांध के भीतरी क्षेत्र में जल-जमाव के कारण हजारों एकड़ भूमि का फसल प्रतिवर्ा बरबाद होता है।

अतः इस क्षेत्र के अरबों की फसलें तथा कटावग्रस्त गांवों को बचाने के लिए नदियों पर ऊंचे बांध बनाने की नितांत आवश्यकता है, जो निम्न हैं-- पकड़ा काठीधार बांध से परवत्ता सीमा तक रिंग बांध का निर्माण, काशीपुर बुटनी धार बांध से पकड़ा वासा के पश्चिम होते हुए मधेपुरा सीमा तक बांध निर्माण, गोपालपुर प्रखंड में गंगा प्रसाद बांध की मरम्मती एवं ऊँचीकरण, लक्ष्मीपुर सलेमपुर गंगा बेसीन बांध का ऊँचीकरण, लत्तीपुर नरकटिया बांध का ऊँचीकरण और करारी तिनटंगा से तीनटंगा दियारा तक बांध का मरम्मतीकरण।

अतः आपसे व्यक्तिगत अनुरोध है कि उपरोक्त योजनाओं का कार्यान्वयन राज्य सरकार के भरोसे न रह कर अपने स्तर से कराने का आदेश जारी कर लाखों जनता का कल्याण किया जाये।